सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-362**
14/08/2018

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल बलराम दास टंडन के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 14 अगस्त, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल बलराम दास टंडन के निधन पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि बलराम दास टंडन सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु समर्पित रहे। आपातकाल के दौरान वे जेल भी गये थे। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के रूप में भी उन्होंने लगभग चार वर्षों तक अपनी मूल्यवान सेवायें दी। उनका निधन न केवल छत्तीसगढ़ अपितु पूरे देश के लिये अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं समर्थकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******